पो. रजि. नं. जयपुर सिटी/011/2021-2023, आरएनआई रजि नं. 48910/91 fb/seemasandesh1951 seemasandesh1951@gmail.com 0141-2700113 ■ जयपुर-श्रीगंगानगर (राज.) से एक साथ प्रकाशित ■ जोधपुर, कोटा, नागौर से प्रसारित

1951 में स्थापित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

■ वर्ष : 33 ■ अंक : 131 ■ मूल्य : रु. 2.00 ■ पृष्ठ : 08 जयपुर, गुरुवार, 09 नवम्बर, 2023 ऑनलाइन पढ़ें : epaper.seemasandesh.in भाजपा के विचारों... 08

पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

नुक्कड़ नाटिका के माध्यम से दिया सतर्कता एवं जागरूकता का संदेश

सीरी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन

पिलानी (सीमा सन्देश सं)। केंद्रीय सतर्कता आयोग तथा सीएसआईआर मुख्यालय से प्राप्त दिशानिर्देशों की अनुपालन में सीएसआईआर-सीरी में 30 अक्टूबर से 5 नवंबर के दौरान आयोजित किए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन मंगलवार दिनांक -6 नवंबर, 2023 को किया गया। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठतम मुख्य वैज्ञानिक डॉ अभिजीत कर्माकर ने की। डॉ कर्माकर ने अपने संबोधन में भ्रष्टाचार के कारणों एवं निवारण के उपायों पर प्रकाश डाला। देश में भ्रष्टाचार पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे लोकतांत्रिक देश ने विकास एवं प्रगति की दौड़ में यदि बहुत कुछ प्राप्त किया है तो नैतिक मूल्यों के रूप में बहुत कुछ खोया भी है। उन्होंने युवा पीढ़ी और विशेष रूप से छात्र-समुदाय से आह्वान किया कि वे भष्टाचार को समूल नष्ट करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं इससे पूर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश इंदौरा, वित्त एवं लेखा नियंत्रक ने स्वागत संबोधन दिया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि देश के हम सभी नागरिक सतर्क एवं जागरूक रहकर अपने कर्तव्यों का समुचित पालन करेंगे और माँ भारती को पुनः विश्व गुरु बनाने में अपनी सार्थक भूमिका निभाएंगे और हम आजादी के अमृत काल की अवधि में ही इस लक्ष्य की प्राप्ति करने में सफल होंगे।

इस अवसर पर संस्थान में आयोजित भाषण प्रतियोगिता तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नूहन्द (चूरू) में आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। सीरी विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं द्वारा भ्रष्टाचार निवारण पर केंद्रित नुक्कड़ नाटिका का प्रदर्शन भी किया गया। उपस्थित दर्शकों ने कलाकारों की तालियां बजा कर सराहना की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्थान के मीडिया एवं जन संपर्क यूनिट के प्रमुख रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी ने सप्ताहपर्यंत आयोजित गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि देशभर में सतर्कता सप्ताह का आयोजन अमर स्वतंत्रता सेनानी, देश की एकता के सूत्रधार एवं वास्तविक नायक सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्मृति में किया जाता है।